समाचार

# रिमझिम बारिश के बीच आयुक्त के नेतृत्व में निगम की एक्शन टीम ने टी.पी.नगर मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जों के विरूद्ध की कार्यवाही

## (दुकानों के सामने सड़क, फुटपाथ पर विज्ञापन बोर्ड, अवैध निर्माण, सी.एण्ड डी. वेस्ट की डम्पिंग व गंदगी बिखेरने पर हुई कार्यवाही, संबंधितों को नोटिस, सामग्री की जप्ती व अर्थदण्ड आरोपित किया गया )




कोरबा 28 जून 2025 –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में नगर पालिक निगम कोरबा की एक्शन टीम ने शनिवार को प्रातः 07 बजे से रिमझिम बारिश के बीच सी.एस.ई.बी.चौक से टी.पी.नगर चौक तक पैदल मार्च कर दुकानों के सामने सड़क व फुटपाथ पर किए गए अवैध कब्जों, अतिक्रमण आदि पर सघन रूप से कार्यवाही की, इस दौरान संबंधितों को नोटिस जारी हुई तथा सामग्री की जप्ती एवं अर्थदण्ड भी आरोपित किए गए। वहीं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित बनाने में सबका सहयोग अपेक्षित है, अतः सड़क, फुटपाथ पर अवैध कब्जा न करें, वहॉ गंदगी न फैलाएं तथा अपने कोरबा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में अपनी सहभागिता दें।

यहॉ उल्लेखनीय है कि '' जो भी करें–बेहतर करें '' की थीम पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत बुधवार 25 जून से शहर की व्यवस्थाओं को सुधारने व शहर के मुख्य मार्गो, सड़कों को अवैध कब्जों से मुक्त करने की कवायद लगातार की जा रही है। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के नेतृत्व में प्रतिदिन निगम की एक्शन टीम शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए सड़क, फुटपाथ आदि में किए गए अतिक्रमण, अवैध कब्जें, सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री की डम्पिंग, अवैध विज्ञापन फ्लैक्स व गंदगी बिखेरने आदि के विरूद्ध त्वरित एक्शन लिया जाकर व्यवस्थाओं में सुधार लाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शनिवार को रिमझिम बरसात के बीच आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की अगुवाई में निगम की एक्शन टीम ने सी.एस.ई.बी.चौक से टी.पी.नगर चौक तक पैदल मार्च किया, डोर–टू–डोर भ्रमण करते हुए सड़क फुटपाथ पर किए गए अवैध कब्जों आदि के विरूद्ध सघन कार्यवाही की।

**<u>सड़क फुटपाथ में जनरेटर, दी हटाने की नोटिस</u>** – सी.एस.ई.बी. चौक से टी.पी.नगर मुख्य मार्ग पर बजाज फायनेंस के सामने एवं शुगर क्राउन के सामने फुटपाथ सड़क पर जनरेटर स्थापित किए गए हैं, वहीं रोड पर विज्ञापन स्ट्रेक्चर लगाकर अतिक्रमण किया गया है, आदित्य फोम व फर्नीशिंग शॉप के द्वारा रोड पर विज्ञापन हेतु स्ट्रेक्चर, मोबाईलवाला के सामने सी.एण्ड डी.वेस्ट की डम्पिंग, अवैध रूप से विज्ञापन, ट्रेड्ज स्टूडियो के सामने रोड पर अतिक्रमण, जैन पैकर्स के द्वारा किए गए अतिक्रमण, एस.के.आटो मोबाईल्स के सामने मिट्टी गारर्वेज सी.एण्ड डी.वेस्ट की डम्पिंग, अग्रवाल क्लीनिक के सामने रोड पर पानी टंकियॉ विज्ञापन बोर्ड सहित दर्जनों स्थलों पर अवैध कब्जे किए गए हैं, जिनके विरूद्ध क्रमशः नोटिस, अर्थदण्ड व जप्ती आदि की कार्यवाही एक्शन टीम के द्वारा की गई।

**<u>सफाई कार्य का निरीक्षण, स्वच्छता दीदियों से चर्चा</u>** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त समूचे मार्ग पर किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण भी किया, सफाई कार्य के दौरान एकत्रित कचरे के उठाव में देरी को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ पर कार्य में संलग्न सफाई कामगार व स्वच्छता दीदियों से चर्चा की तथा सफाई कामगारों के परिचय पत्र, उन्हें मिलने वाली ड्रेस, कार्य के दौरान के सुरक्षा उपकरण, उनकी ड्यूटी व कार्य क्षेत्र आदि की विस्तार से जानकारी ली तथा पूछा कि उन्हें कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही है, यदि कोई समस्या आती है तो तत्काल अधिकारियों को इससे अवगत कराएं।

**<u>स्वच्छता शिकायतों पर हो रैपिड एक्शन</u>** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों से कहा कि स्वच्छता संबंधी शिकायतें प्राप्त होने पर उनके समाधान पर रैपिड एक्शन लें तथा समाधान की संतुष्टिपूर्ण कार्यवाही त्वरित रूप से करें। उन्होने कहा कि कार्य के दौरान सफाई ठेकेदार, स्वास्थ्य अधिकारी, निरीक्षक, स्वच्छता पर्यवेक्षक व संबंधित क्षेत्र के अभियंता सतत संपर्क में रहें, इस हेतु उन्हें वाकी–टाकी की सुविधा उपलब्ध कराए जाने का प्रस्ताव तैयार करें ताकि प्राप्त स्वच्छता शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जा सके।

**डोर–टू–डोर कलेक्शन मानीटरिंग सिस्टम करें स्थापित** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के अपर आयुक्त व स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु प्रत्येक दिन की रिपोर्टिंग, शिकायत एवं फीडबेक के लिए प्रत्येक घर में मानीटरिंग सिस्टम (क्यू.आर.कोड) स्थापित कराएं, जिसके माध्यम से स्वच्छता दीदियों के अपशिष्ट संग्रहण कार्यो का फीडबेक आमनागरिक सीधे नगर निगम में दे पाएंगे। मानीटरिंग सिस्टम (क्यू.आर.कोड) के माध्यम से प्राप्त फीडबेक या शिकायतों पर तत्काल संबंधित कर्मचारियों द्वारा कार्यवाही की जा सकेगी।

**सूखा गीला कचरा पृथक–पृथक ही दें** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छता कार्यो का निरीक्षण करते हुए लोगों से आग्रह किया कि वे घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों से निकलने वाले सूखे व गीले कचरे को पृथक–पृथक डस्टबिन में संग्रहित करें तथा निगम के सफाई रिक्शें में पृथक–पृथक कचरे को दें ताकि कचरे का शत प्रतिशत स्त्रोत पृथकीकरण का लक्ष्य पूरा हो सके।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, गोयल सिंह विमल, सुनील टांडे, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, उप अभियंता सोमनाथ डेहरे, राजस्व निरीक्षक अविनाश जायसवाल, स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत, दिलेश्वर सिंह, पी.आई.यू. धनमोहन रात्रे, पंकज गभेल, रथराम राठौर, अजय टांडे, श्रवण कुमार झा आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।